दिनांक 9 मार्च 2021 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

इंडियन हाइपरटेंशन कंट्रोल इनीशिएटिव के अंतर्गत मोबाइल मेडिकल यूनिट के स्वास्थ्य शिविर में स्टेट कोऑर्डिनेशन डॉ. उरविन शाह ने हाइपरटेंशन से संबंधित जानकारी दी

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत दो मोबाइल मेडिकल यूनिट एवं एक दाई दीदी क्लीनिक के माध्यम से प्रतिदिन स्वास्थ्य शिविर संचालित किया जा रहा है! इसके बेहतर क्रियान्वयन के लिए निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देशन में नित्य नए कार्य करते हुए मरीजों को शिविर में लाभान्वित किया जा रहा है! इंडियन हाइपरटेंशन कंट्रोल इनीशिएटिव के अंतर्गत आज डॉ. उरविन शाह ने हाइपरटेंशन के बारे में मरीजों को जानकारी दी! उन्होंने हाइपरटेंशन कंट्रोल के विषय में बताते हुए कहा कि जब भी किसी मरीज या व्यक्ति का बीपी चेक किया जाता है , तो कई दफा रिपोर्ट में आंकड़े के साथ पॉइंट में आती है! इस पॉइंट को भी मरीजों को नोट करना आवश्यक है, इसे इग्नोर नहीं किया जा सकता! हाइपरटेंशन कंट्रोल करने के लिए पॉइंट भी एक महत्वपूर्ण कारक है! बीपी चेक कराने के बाद इसके आंकड़े की सही जानकारी होने पर मरीजों को इसी के मुताबिक इलाज कराना आवश्यक है! इससे दवाई लेने की सही मात्रा का भी पता चलता है! डॉ शाह ने हाइपरटेंशन कंट्रोल करने के लिए समस्त प्रोटोकॉल से मरीजों को अवगत कराया! हाइपरटेंशन मरीजों की प्रॉपर रिपोर्टिंग को लेकर भी उन्होंने मेडिकल स्टाफ से चर्चा की! उल्लेखनीय है कि मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर संचालित होने से निगम क्षेत्र के रहवासियों को नि:शुल्क स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है , स्वास्थ्य शिविर में ज्यादातर लोग ब्लड प्रेशर तथा शुगर का परीक्षण कराने आते हैं! इसी को देखते हुए आज वैस्कुलर हेल्थ ऑफिसर ने हाइपरटेंशन कंट्रोल के विषय में जानकारी दी!

इस दौरान एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर इशान शर्मा एवं कोऑर्डिनेटर अतुल शुक्ला उपस्थित रहे!

मोबाइल मेडिकल यूनिट के स्वास्थ्य शिविर में अब तक 22365 मरीजों ने लिया स्वास्थ्य लाभ

मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से लग रहे स्वास्थ्य शिविर में अब तक 22365 लोगों ने अपना इलाज कराया है! जिसमें से 20785 मरीजों को नि:शुल्क दवाई का वितरण किया गया है! स्वास्थ्य शिविर में ही 5530 मरीजों का लैब टेस्ट किया जा चुका है!